# तेरे शुभ चरणों में आकर | By Pt Bihari Lal Ji Pujari |

तेरे शुभ चरणों में आकर के
गुरुदेव लगाया डेरा
उद्धार करो अब मेरा
उद्धार करो अब मेरा
*********************
गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु
गुरुर्देवो महेश्वरः
गुरुः साक्षात् परब्रह्म
तस्मै श्री गुरवे नमः

तेरे शुभ चरणों में आकर के
गुरुदेव लगाया डेरा
उद्धार करो अब मेरा
उद्धार करो अब मेरा

तेरे मन में मंदिर-मस्जिद है
यहाँ गिरजा और शिवालय
(गुरुदेव... गुरुदेव... गुरुदेव... गुरुदेव)
मैं भटक रहा हूँ मोह माया में
मुझको आज बचा ले
मैं ठोकर खाया हूँ जग से
तुम हाथ पकड़ लो मेरा
उद्धार करो अब मेरा
उद्धार करो अब मेरा

प्रति दिन प्रातः में उठ करके
श्रीचरण के दर्शन पाऊं
(गुरुदेव... गुरुदेव... गुरुदेव... गुरुदेव)
तुम दो ऐसा मुझे ज्ञान
मैं भवसागर से तर जाऊं
तुम बन जाओ पतवार मेरी
और पार लगाओ बेड़ा
उद्धार करो अब मेरा
उद्धार करो अब मेरा

मेरे हृदय में तुम वास करो
कभी दूर न मुझसे जाना
(गुरुदेव... गुरुदेव... गुरुदेव... गुरुदेव)
ये तन-मन अपना सौंप तुम्हें
अपना आदर्श है माना
तेरे ज्ञान का दर्शन फैलाऊं
बन के मंदिर में सवेरा
उद्धार करो अब मेरा
उद्धार करो अब मेरा

तेरे रूप का वर्णन करना
जो सूरज को दीप दिखाना

(गुरुदेव... गुरुदेव... गुरुदेव... गुरुदेव)
इन शुभ चरणों के सिवा नहीं
जग में कोई और ठिकाना
मुझे अपने चरणों में रख लो
रहूं बन के दास मैं तेरा
उद्धार करो अब मेरा
उद्धार करो अब मेरा

तेरे शुभ चरणों में आकर के
गुरुदेव लगाया डेरा
उद्धार करो अब मेरा
उद्धार करो अब मेरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%ad-%e0%a4%9a%e0%a4%b0%e0%a4%a3%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%86%e0%a4%95%e0%a4%b0-by-pt-bihari-lal-ji-pujari/